**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 04.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><><><>

- आज नौसेना दिवस है।
- राधानगर बीच को आउटलुट ट्रैवलर अवार्ड समारोह में सर्वश्रेष्ठ इको फ्रेंडली बीच डेस्टीनेशन श्रेणी में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।
- मुख्य सचिव ने कल कछाल, चावरा, तरेसा द्वीप में ई–कॉनर का वर्चुअल रूप से उद्‌घाटन किया।
- मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त ने क्षेत्रीय पुस्तकालय का दौरा किया।

और

- आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><><><>

आज नौसेना दिवस है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भारतीय नौसेना की वीरता, समर्पण और उत्कृष्टता का गर्व से हम जश्न मनाते हैं। यह दिन उन्नीस सौ इकहत्तर के भारत–पाक युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट की ऐतिहासिक जीत की याद दिलाता है, जो नौसेना की रणनीतिक प्रतिभा और अदम्य भावना का एक शानदार उदाहरण है। उप राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय नौसेना ने हमारी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित रखने, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और समुद्री मार्गों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने, मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ समझ और तालमेल को बढ़ावा देने और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उप राज्यपाल ने इस नौसेना दिवस पर नौसेना कर्मियों, भूतपूर्व सैनिकों, डीएससी कर्मियों और रक्षा नागरिकों की बहादुरी और समर्पण का सम्मान करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है, जो देश के समुद्री गौरव को बनाए रखने के लिए अथक परिश्रम करते हैं।

उधर नौसेना दिवस मनाए जाने के सिलसिले में मरीना फ्लैग पोस्ट के पास समुद्र में खड़े भारतीय नौसेना के जलयानों में आज सूर्यास्त के बाद से रात दस बजे तक रोशनी की जाएगी। फ्लैग प्वाइंट में नेवी बैंड की प्रस्तुती भी होगी।

<><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के स्वराज द्वीप में राधानगर बीच ने तीस नवंबर को नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में आयोजित आउटलुक ट्रैवलर अवार्ड्स और कार्निवल दो हजार चौबीस में सर्वश्रेष्ठ इको–फ्रेंडली बीच डेस्टिनेशन श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता है। यह पुरस्कार पर्यावरणीय सद्‌भाव बनाए रखने और टिकाऊ तटीय पर्यटन के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए प्रदान किया गया है। द्वीपसमूह के लिए यह प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करना गर्व की बात है।

<><><><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल कच्छाल, चौरा और टेरेसा द्वीप में ई–कॉर्नर का वर्चुअल रूप से उद्‌घाटन किया, जो दूरदराज के द्वीपों में ऑनलाइन सेवाओं के कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर निकोबार जिला उपायुक्त ज्योति कुमारी, ननकौड़ी के सहायक आयुक्त आदित्य संगोत्रा, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और स्थानीय निवासी इस समारोह में शामिल हुए। निकोबार जिला उपायुक्त ज्योति कुमारी ने बताया कि कार निकोबार, कमोर्टा और कैंपबेल बे में तीन ई–कॉर्नर पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन दूरस्थ द्वीपों में ई–कॉर्नर के स्थापित हो जाने से स्थानीय निवासी ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

<><><><><><><><><>

भारत के संविधान को अपनाने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर सरकार द्वारा कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में स्कूली बच्चों को प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में भाग लेने के लिए माई गॉव में, युवा प्रतिभागियों को माई भारत डॉट जी ओ वी डॉट इन में और आम जनता के लिए कॉन्स्टिट्यूशन 75 डॉट कॉम पर अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया जा रहा है।

<><><><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिशकुश मीणा ने कल उप शिक्षा अधिकारी और अण्डमान लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता के साथ मायाबंदर क्षेत्रीय पुस्तकालय का दौरा किया। दौरे का उददेश्य पुस्तकालय की मौजूदा सुविधाओं का मूल्यांकन करना और सुधार और विकास के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करना था। इस दौरान टीम ने पुस्तकालय के बुनियादी ढांचे, उपलब्धता और समग्र कार्य क्षमता का आंकलन किया। जिला उपायुक्त ने पुस्तकालय के लिए एक व्यापक विकास योजना तैयार करने का निर्देश दिया, जिसमें आधुनिक सुविधाओं, बेहतर बैठने की व्यवस्था और शैक्षिक एवं मनोरंजक सामग्रियों के नवीनतम संग्रह को प्राथमिकता दिया जाना शामिल था।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में एलएनजी बिजली परियोजना पुनः शुरू की गई है। सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि द्वीपों में बिजली संकट को देखते हुए सांसद के अनुरोध पर प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद द्वीपों में एल एन जी बिजली परियोजना को शुरू किया गया है। सांसद ने प्रधानमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा कि द्वीपों में नई ग्रिड से जुड़ी सौर ऊर्जा परियोजना को लागू करने के लिए फिर से प्रस्ताव लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के इस फैसले से द्वीपों में लंबे समय से चल रहे बिजली संकट को कम करने में काफी मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्षिण अंडमान खंड परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा की ओर से कल विशेष देखभाल वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा के तहत विज्ञान केन्द्र में अध्ययन दौरा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप–शिक्षा अधिकारी ज्ञान शील दुबे मुख्य अतिथि थे। सम्माननीय अतिथि शिक्षा अधिकारी देबाशीष पॉल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विज्ञान केन्द्र के सम्मेलन कक्ष में छात्रों को विज्ञान जादू शो दिखाया गया। छात्रों ने प्रदर्शनी का भी आनन्द लिया और नवाचार और नए नमूनों पर काम किया। अध्ययन दौरे में सत्ताईस स्कूलों के लगभग दो सौ अड़तीस विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–सांपों के ज़हर का इलाज व बचाव। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार घोष श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव सत्ताईस दिसम्बर से इक्कतीस दिसम्बर तक मनाया जाएगा। इस सिलसिले में इच्छुक कारीगरों, उद्यमियों, फर्मों और व्यक्तिगत लोगों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कारीगरों को उत्पाद की विविधता के आंकलन के बाद चार सौ रूपये की दर से दशमलव आठ दो वर्गमीटर स्थान आवंटित किया जाएगा। इनमें स्थानीय कारीगर, मेहंदी कलाकार, टैटू कलाकार जैसे कलाकार दस दिसम्बर शाम तीन बजे तक पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में आवेदन जमा कर सकते हैं।

उधर, उत्सव में खान–पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। नियमों और शर्तों के अनुसार लॉटरी के जरिए कियॉस्क का आवंटन किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी, विक्रेता, फर्म और व्यक्तिगत लोग किराया और सुरक्षा जमा राशि के साथ आवेदन फॉर्म दस दिसम्बर तक सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा कर सकते हैं। कियॉस्क का आवंटन सत्रह दिसम्बर को किया जाएगा। आवंटन पत्र बीस दिसम्बर को जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव के दौरान खेल गतिविधियों के लिए प्रदर्शनी मैदान के दूसरे हिस्से में खुली जगह का आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव के लिए चार सौ छियासी रूपये प्रति वर्गमीटर की दर से जगह उपलब्ध कराई जाएगी। खेल गतिविधियों का आंकलन करने के बाद स्थल का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए आवेदकों को कुल किराए का दस प्रतिशत सुरक्षा जमा राशि जमा करना होगा। स्थान के आवंटन के लिए निर्धारित किराया और सुरक्षा जमा राशि के साथ आवेदन दस दिसम्बर को शाम तीन बजे तक पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा करना होगा। फार्म विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>